मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-235
07/06/2022

# मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने 13,585 करोड़ रूपये की लागत की 15 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

पटना, 07 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने महात्मा गांधी सेतु के पूर्वी हिस्से के सुपर स्ट्रक्चर रिप्लेसमेंट परियोजना का संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने हाजीपुर से 13,585 करोड़ रूपये की लागत की 15 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में आप सबों की उपस्थिति के लिए अभिनन्दन करता हूँ। बहुत खुशी की बात है कि आज नवीकृत महात्मा गांधी सेतु के पूर्वी भाग का लोकार्पण किया गया है। एक वर्ष पूर्व इसके पश्चिमी भाग का लोकार्पण किया गया था। महात्मा गांधी सेतु का निर्माण कार्य वर्ष 1972 में शुरु हुआ था। वर्ष 1982 में इसके पश्चिमी लेन और 1987 में पूर्वी लेन का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ था। वर्ष 1991 से इसमें कमजोरी आने की बात सामने आ रही थी और इस पुल को ठीक करने की बात चल रही थी। वर्ष 2014 में गांधी सेतु को लेकर गठित की गयी स्थायी समिति ने यह तय किया था कि नए तरीके से इसे बनाया जाए। इसके बाद 15 जून 2017 से इस पर काम शुरू किया गया। सेतु के कंक्रीट भाग को रिप्लेस कर सुपर स्ट्रक्चर का काम किया गया। अब गांधी सेतु के दोनों लेन ठीक ढंग से बनकर तैयार हो गये है। गांधी सेतु के लोकार्पण के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी को मैं विशेष तौर पर बधाई देता हूँ। इन्होंने बिहार में चलाई जा रही कई अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि बिहार के विकास के लिए तथा सड़कों एवं पुलों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार की तरफ से काम किया जा रहा है। श्री नितिन गडकरी जी ने यहां किये जा रहे कार्यों के बारे में सारी बातों को बताया है और आश्वस्त भी किया कि और भी कई काम किये जायेंगे। गंगा नदी पर पहले 4 पुल बना था लेकिन अब इस नदी पर 17 पुल बन रहा है। गांधी सेतु के समानांतर भी फोरलेन पुल बनाया जा रहा है। मुंगेर–भागलपुर–मिर्जा चौकी फोरलेन नया ग्रीनफील्ड कोरिडोर बनाया जा रहा है। मुंगेर मिर्जापुर मौजूदा पथ को ठीक कर उसका और 10 मीटर चौड़ीकरण किया जाएगा। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। वर्ष 1999 में श्रद्धेय अटल जी प्रधानमंत्री थे तो उनकी सरकार में मुझे रेलवे के साथ–साथ इस विभाग का दायित्व भी सौपा गया था। उस दौरान इन कामों को तय किया गया था। मुझे खुशी है कि इसे पूरा किया जा रहा है। मोकामा से मुंगेर तक के लिए जो योजनाएं हैं उसकी भी घोषणा की गयी है। सबका आकलन करके आपने निर्णय लिया है। 13 हजार 585 करोड़ की लागत से 15 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का आज लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2005 से जब हमलोगों को काम करने का मौका मिला तो उस समय से लगातार विकास के कार्य किये जा रहे हैं। वर्ष 2005 के पहले सड़कों की क्या स्थिति थी, यह आप सभी जानते हैं। जब हमलोगों ने काम करना शुरू किया, उस समय राष्ट्रीय राजमार्गों को राज्य सरकार की तरफ से 970 करोड़ रुपया खर्च कर ठीक कराया गया। उस समय की केंद्र सरकार से हमलोगों ने इसकी मांग रखी थी जिसे अस्वीकृत कर दिया गया। 54 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि पथों एवं पुल–पुलियों के निर्माण पर खर्च की गयी है। राज्य के दूरस्थ इलाके से राजधानी पटना पहुँचने के 6 घंटे के लक्ष्य को पूरा किया जा चुका है और अब पांच घंटे में पटना पहुँचने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार का भी काफी सहयोग मिल रहा है। पथों एवं पुलों के बेहतर निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क, पुल, पुलियों, सरकारी भवनों का सिर्फ बेहतर निर्माण ही नही कराया जा रहा है बल्कि इसे हमेशा मेंटेन रखने को कहा गया है। विभागों को कहा गया है कि इसके लिए चाहे जितने अधिकारी, इंजीनियर्स की जरूरत है उसे बहाल करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से जो संभव है, किया जा रहा है। केंद्र का भी सहयोग मिल रहा है, इससे बिहार और उत्तम बनेगा। उन्होंने कहा कि इथेनॉल के निर्माण के लिए 2007 में योजना बनायी गई थी, मगर उस समय की केंद्र सरकार ने इसे नहीं माना था। उस समय 21 हजार करोड़ रूपये के निवेश का प्रस्ताव आया था। उन्होंने कहा कि अब आपके सहयोग से ये काम किया जा रहा है। इथेनॉल बनाने का काम शुरू हो चुका है। बिहार में मक्का का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। इससे इथेनॉल बनाने में बहुत सहुलियत होगी। इथेनॉल का उत्पादन यहां इतना होगा कि देश में इसकी कमी नही होगी। उन्होंने कहा कि हमारा आग्रह है कि इथेनॉल बनाने की सीमा न रखी जाए, इससे देश में इथेनॉल की कमी नहीं होगी। इथेनॉल का जो काम आपने शुरु कराया है इसके लिये हम आपको नहीं भूलेंगे। इथेनॉल उत्पादन से बिहार के साथ–साथ देश का भी विकास होगा। राज्य सरकार की तरफ से आश्वस्त करते हैं कि हर प्रकार का सहयोग रहेगा, मिलकर काम करेंगे। राज्य का विकास होगा और देश के विकास में भी बिहार का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी, केंद्रीय पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उपमुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह सांसद श्री रविशंकर प्रसाद ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन, कृषि मंत्री श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे, पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री रामप्रीत पासवान, सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सांसद श्री रामकृपाल यादव, सांसद श्री संजय जायसवाल, सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सांसद श्री गोपाल जी ठाकुर, सांसद श्रीमती वीणा देवी, सांसद श्री अजय कुमार मंडल, पूर्व मंत्री सह विधायक श्री नंदकिशोर यादव सहित अन्य विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग श्री प्रत्यय अमृत,

मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, अभियंता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

दिल्ली से पटना हवाई अड्डा पहुॅचने के पश्चात् कार्यक्रम से पहले केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित ‘संकल्प’ में शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

******